रोडवेज बसों के पुनः संचालन की मांग को लेकर व्यापारियों ने प्रदर्शन किया

- धरने प्रदर्शन को लेकर कस्बा पूर्णतया बंद रहा, चक्का जाम की दी चेतावनी
- व्यापार महासंघ के अध्यक्ष व व्यापारिक सदस्यों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

डग कस्बे में रोडवेज बसों के पुनः संचालन को लेकर व्यापारियों ने धरना दिया।

डग, (निसं)। कस्बे से दोनों इंदौर रोड़वेज बसों के पुनः संचालन को लेकर रविवार को व्यापार महासंघ के तत्वाधान में सभी व्यापारियों द्वारा नये बस स्टैंड पर एकत्रित होकर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। जिसको लेकर व्यापार महासंघ के आव्हान पर सुबह 11:30 बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। धरने प्रदर्शन को लेकर कस्बा पूर्णतया बंद रहा। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष व सभी व्यापारिक सदस्यों ने शाम चार बजे धरना प्रदर्शन स्थल पर नायब तहसीलदार हरिशंकर जांगीड़ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में झालावाड़ डिपो की दोनों इंदौर रोड़वेज बसों को चालू करवाने की मांग की गई। दोनों बसें कोराना काल से लेकर आज तक बंद है जिस कारण व्यापारियों को एवं आमजन को कई प्रकार की परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मामले में व्यापार महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम 18 अगस्त व 20 सितंबर 2022 को दो बार ज्ञापन दिए जा चुके है उसके बाद भी जिला रोड़वेज प्रशासन द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इसी क्रम में आज धरना प्रदर्शन किया गया। व्यापार महासंघ अध्यक्ष बसन्तीलाल जैन ने बताया कि 8 दिवस में यदि दोनों बसें शुरू नहीं होती है तो कस्बेवासियों एवं व्यापार संघ के तत्वाधान में चक्काजाम कर बसें चालू नहीं होने तक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जवाबदारी प्रशासन की होगी।

आमसभा सम्पन्न

कोटा, (निसं)। कोटा कर्मचारी सहकारी समिति लि.108 आर, कोटा का 100वां, 101वां एवं 102वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को प्रातः 12 बजे बालाजी मार्केट रंगबाड़ी रोड़ स्थित नगर विकास न्यास ओडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से किया गया इसके उपरान्त बालिकाओं ने सहकार गान सहकारी सतरंगी प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा से की गईं। लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला ने झण्डारोहण कर अधिवेशन को प्रारंभ किया। सचिव विमल चंद जैन ने बताया कि कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला, नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, आई जी कोटा रेंज प्रसन्न कुमार खमेसरा, बूंदी विधायक अशोक डोगरा, कोटा दक्षिण नगर निगम महापौर राजीव अग्रवाल भारती व श्री हितकारी सहकारी समिति की अध्यक्ष सूरज बिरला व समिति की अध्यक्ष मीनू बिरला, कोटा सैण्ट्रल कॉपरेटिव बैंक के प्रबंधक निदेशक बलदेव सिंह गिल, कोटा नागरिक सहकारी बैंक की प्रबंध निदेशक बीना बैरवा मंचासीन रही।

सार-समाचार

मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन

बूंदी, (निसं)। विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरु नानक कॉलोनी बूंदी में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता रतन कंवर, मुख्य अतिथि ख्याति भंडारी, अध्यक्षता नीता योगी, विशिष्ट अतिथि गुरमीत कौर रही। कार्यक्रम में जिला सचिव उदय प्रकाश शर्मा व जिला समिति के उपाध्यक्ष नाथूलाल वैष्णव एवं विद्यालय प्रबंधक समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने बताया कि बालक की प्रथम गुरु माता व प्रथम पाठशाला परिवार होता है, जहां से बालक संस्कार सीखता है। प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार गौतम ने पधारे सभी पदाधिकारियों और माताओं का आभार प्रकट किया।

गायों को खिलाया औषधीय गुड़ व चारा

मांगरोल। रविवार को कस्बे की गोपाल गोशाला में गायो में फेल रहे लम्पि वायरस से बचाव के लिए गोशाला समिति के हरिओम शर्मा के नेतृत्व में गायौं को औषधीय गुड़ व चारा खिलाया गया। इस अवसर पर नारायण सिंह, सहकारी समिति अध्यक्ष सत्यवीर शर्मा, उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा, आदित्य व्यास शैलेन्द्र तिवारी, एडवोकेट श्याम पारेता, सुरेश भार्गव, हेमराज आमेरिया, नंद सिंह हाड़ा, रोहित बाबेल, विनोद गुर्जर, राजू गोचर सहित कई समाज सेवी साथ रहे।

डांडिया महोत्सव संपन्न

छबड़ा। अग्रसेन महिला जागृति संगठन के तत्वावधान में अग्रसेन जयंती सप्ताह के तहत शनिवार को अग्रवाल धर्मशाला में डांडिया महोत्सव व बेस्ट ड्रेसअप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे विजेताओ को पुरूस्कृत किया गया। संगठन अध्यक्ष आशा हरिप्रकाश गर्ग के अनुसार डांडिया महोत्सव के किड्स वर्ग में पारवी मित्तल, नित्या गर्ग, निशिका विजय, जूनियर ग्रुप में त्रिविक्षा अग्रवाल, कृतिका बंसल, अक्षि गोयल, सीनियर ग्रुप में धानी गर्ग, सुहानी गोयल, ष्वेता बंसल, सीनियर महिला ग्रुप में नीतू सिंघल, हर्शिता बंसल, टीना गोयल एवं बेस्ट कपल में लीना बंसल, अंजली बंसल, धानी गर्ग, प्राशु गर्ग, जान्वही गोयल, सुहानी गोयल आदि ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रदर्शनी लगाई

बून्दी। शहर के न्यू कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय पर रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106 वी जयंती मनाई गई। विधायक अशोक डोगरा ने पंडित दीनदयाल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पंडित उपाध्याय ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय उत्थान के लिए निछावर कर दिया उन्होंने कहा कि उपाध्याय एक ऐसी महान विभूति थी जिन्होंने अपने विकास कार्यों एवं विचारों के माध्यम से समाज को देश के लिए रचनात्मक काम करने की प्रेरणा दी। उपाध्याय का एकात्म मानववाद का दर्शन आज भी भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा का आदर्श है। दोपहर को धान मंडी धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चलाए जा रहे पख़्वाड़े के तहत केंद्र सरकार के विकास कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। शहर प्रवक्ता अभिषेक जैन ने बताया कि इस मौके पर जिला महामंत्री सुरेश अग्रवाल, शहर अध्यक्ष महावीर खंगार, वरिष्ठ भाजपा नेता नवल किशोर श्रंगी, शहर उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह हाडा, शहर महामंत्री रमेश हाड़ा, पार्षद गोलू नायक, मानस जैन, महावीर मीणा, संजय शर्मा, ओम जांगिड़, त्रिलोक कुमावत, नवीन सिंह, सुरेश परिहार, संजय भूटानी, मनोज गौतम, मोहन बिरला सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छबड़ा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपाईयो ने बस स्टैंड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धासुमन अर्पित किए। इसके उपरांत बूथ स्तर पर कमल उत्सव मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने श्रीकृष्ण विहार में बूथ संख्या 162 पर कार्यक्रम आयोजित किया और यहां घर-घर में ध्वज लगाए गए और दुपट्टे वितरित किए गए। यहां वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी, पालिकाध्यक्ष केसी जैन, प्रधान हरिओम नागर, निरंजन शर्मा, पार्शद कमल आसावत आदि ने संबोधित किया।

इटावा में रामलीला प्रारंभ हुई

पालिका अध्यक्ष रजनी सोनी ने भगवान गणेश की पूजा व आरती उतारकर रामलीला की शुरुआत की।

इटावा, (निसं)। इटावा नगर में आदर्श रामलीला मंडल की और से रामलीला का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर इटावा नगर पालिका अध्यक्ष रजनी सोनी ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना व आरती उतारकर रामलीला की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राम की लीला मानवता की परिक्रमा ही नहीं बल्कि कर्म त्याग और भक्ति की त्रिवेणी है।

रामलीला उन चरित्रों का स्मरण दिलाती है। जो रामचरितमानस में प्रत्येक घर में सोते-जागते लगते हैं। आज भी रामलीला के सभी पात्र जीवंत दिखाई देते हैं। श्रीराम का जीवन आज भी प्रासंगिक है। हमें उनके जीवन को आत्मसात करने की जरूरत है। रामलीला के प्रथम दिन नारद मोह की लीला के मंचन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका ईओ राजूलाल मीना ने की वही विशिष्ठ अथिति पार्षद भूपेंद्र मित्तल, यशवंत जागिड़ रहे। वहीं आर्दश रामलीला मंडल के अध्यक्ष चैनसुख मित्तल, उपाध्यक्ष मूलचंद मीना, प्रमोद कोठारी, बलराम गर्ग, गिरधारी नागर सहित कई सदस्यों ने अथितियों का स्वागत किया।

सार-समाचार

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

डाबी, (निसं) कस्बे के एक निजी फार्म हाउस स्थित भाजपा मण्डल की जन संघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा मण्डल डाबी बरड क्षेत्र के सभी बूथोंपर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ताताओ ओर पडाढ़ीलारियों ने जीवन पर प्रकाश डाला गया ओर उनके द्वारा संगठन हित में किए गए कार्यों से अवगत कराया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष सत्यनारायण सोलंकी ने सभी कार्यकर्ताओं को पंडित के संगठन के प्रति कर्तव्य एवं निष्ठा के भाव का अनुसरण करते हुए, उनके पद चिन्हों पर चलने का आव्हान किया। इस दौरान उपाध्यक्ष राधेश्याम बेरागी, सोलंकी, आई टी प्रभारी महेंद्र प्रजापत, जिला सह कोषाध्यक्ष रोमिल हरसौरा, मंडल महामंत्री फोज सिंह सुंधिया, किसान मोर्चा मण्डल महामंत्री प्रकाश बंजारा, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह हाड़ा, सोसल मीडिया प्रभारी रोहित हरसोरा,बुथ अध्यक्ष जितेंद्र सेन, भवानी लाल प्रजापत, गजेन्द्र सिंह सरावत, भगवान सोलंकी,रतन सोलंकी, धनराज भील डबूरगढ, मांगी लाल भील डबूर, राहुल सेन बडफू आदि भाजपा मण्डल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अग्रेसन जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

इटावा, (निसं)। इटावा नगर में सोमवार को अग्रसेन जयंती का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी व कई धार्मिक आयोजन होंगे। इटावा अग्रवाल समाज के अध्यक्ष दुर्गाशंकर मित्तल व अठावाल सेवा संस्था के अध्यक्ष मनोज गोयल ने बताया कि इटावा पुराना बाजार स्थित मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी।

लोकसभा अध्यक्ष को समस्यायें बताई

डाबी, (निसं)। कोटा केम्प कार्यालय पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर डाबी से राणा जी का गुढढा व बरुधंन से सुतडा तक सड़क निर्माण के बारे में अवगत कराया और डाबी में राजकीय महात्मा गांधी बालिका विद्यालय में कक्षा कक्षों के निर्माण व डाबी सामुदायिक चिकित्सालय में महिला चिकित्सक लगवाने, माडा योजना के तहत डाबी से डबूसर तक पटपडीया रोड़ से देव जी का खेड़ा व नयागांव तक सड़क निर्माण कार्य को जल्द ही शुरू करवाने ओर ग्राम पंचायत डाबी के मोलाठ व भील बस्ती थड़ी में जनता जल पेयजल परियोजना के तहत इन गांवों को पेयजल आपूर्ति हेतु मांग की गई।

कार की टक्कर से बालिका की मौत

छबड़ा, (निसं)। छबड़ा-धरनावदा मार्ग पर शुक्रवार को गोडियामेहर गांव की बालिका की कार दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने गुना से कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया हैं।

बापचा थानाधिकारी सुरेंद्र कुंतल ने बताया कि शुक्रवार को छबड़ा से गुना की ओर जा रही कार की टक्कर से गोडियामेहर निवासी छह वर्षीय वैदिका पुत्री बल्लभ शर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। ग्रामीणों ने पहले पुलिस को एंबुलेस से टक्कर होने की जानकारी दी थी। परंतु सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने गुना से ईको कार को जब्त किया जो कि गुना निवासी इरफान खान की थी। कार को इरफान खान का ड्राईवर आरिफ खान शुक्रवार को कुछ रिश्तेदारो को छोड़ने कडैयावन आया था। वापस जाते समय कार की टक्कर से वैदिका की मौत हो गई।

कृष्ण मुरारी अध्यक्ष बने

छीपाबड़ौद, (निसं)। छीपाबड़ौद के रांई ग्राम सेवा सहकारी समिति के चुनाव सम्पन्न हुए जिससे कृष्ण मुरारी नागर को अध्यक्ष एवं शिवराज नागर का उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

शिविर में 60 यूनिट रक्तदान हुआ

छबड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत रविवार को बापचा युवा मोर्चा मंडल द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया, जिसमें 60 यूनिट रक्तदान हुआ। मंडल अध्यक्ष चेतन लोधा के अनुसार शिविर की अध्यक्षता देहात मंडल अध्यक्ष उदय सिंह लोधा ने की। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री गोविंद यदुवंशी, मनीश खींची, सोशल मीडिया संयोजक जयंतसिंह ढागर, राजू सुमन व अक्षय आदि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान हरिओम नागर, देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड़, रूपसिंह लोधा, महामंत्री गजेंद्र लोधा, ताराचंद गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पृथ्वीराज, उपाध्यक्ष जगदीश लोधा, देवकी नागर, मुकेश मीणा, मंत्री जितेंद्र लोधा, राजकुमार, प्रवक्ता हीरालाल लोधा, कोशाध्यक्ष नवीन कुमार लोधा, आईटी सेल प्रभारी कन्हैयालाल लोधा आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर भंवरसिंह लोधा, भैयालाल लोधा, पूरनसिंह, अशोक गौड़, रामधन भार्गव, विजेंद्र गुर्जर, मनीश शर्मा, छात्रसंघ अध्यक्ष रवि शर्मा, मोरसिंह गुर्जर, लाखन गुर्जर, सुरेंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।

भारत विकास परिषद का 100 वां नेत्र शिविर आयोजित

डॉ. केसी गुप्ता और ओमप्रकाश गुप्ता परिवार को सम्मानित किया।

भवानीमंडी, (निसं)। रविवार को भारत विकास परिषद द्वारा भवानीमंडी में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर, एवं सद्गुरु सेवा संस्थान झालावाड़ के सहयोग से 100 वें नेत्र जांच एवं शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से 271 मरीजों की जांच हुई और 82 मरीजों का निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन के लिए चयन हुआ।

भारत विकास परिषद के सचिव ओम गुप्ता एवं नेत्रदान प्रभारी कमलेश दलाल ने बताया कि डॉ केसी गुप्ता एवं ओमप्रकाश गुप्ता मातासारा वाले परिवार के सौजन्य से आयोजित शतकीय शिविर का शुभारंभ एक भव्य समारोह के रूप में नंदूबाई आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर जे के अरोड़ा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा के द्वारा की गई, कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव जयराज शर्मा, प्रांतीय महासचिव पराग टोंगिया, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्टी राज्यपाल शर्मा, डॉक्टर केसी गुप्ता, रीजनल सेक्रेटरी कमल सुरेका, शाखा अध्यक्ष मनोज अग्रवाल मंचासीन रहे, कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के द्वारा भारत माता के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया।

मंचासीन अतिथियों का परिचय संरक्षक गोविंद भराडिया के द्वारा किया गया, शाब्दिक अभिनंदन एवं कार्यक्रम की रूपरेखा नेत्रदान प्रभारी कमलेश दलाल के द्वारा प्रस्तुत की गई, विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्बोधन देते हुए क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव डॉ.जयराज आचार्य ने कहा कि नेत्रदान और नेत्र ज्योति प्रदान करना अत्यंत महानता का कार्य है और भारत विकास परिषद भवानीमंडी शाखा पूरे देश में इस विषय में एक पहचान स्थापित करती जा रही है।

कार्यक्रम में विशिष्ट सेवाओं के लिए सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के राज्यपाल शर्मा एवं मनोज शर्मा तथा कार्यक्रम सहयोग के लिए डॉ केसी गुप्ता और ओमप्रकाश गुप्ता परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर मंच पर सम्मानित किया गया। शिविर में 271 मरीजों की आंखों की जांच की गई, इसमें से 82 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। सभी चयनित मरीजों को शतकीय कैंप की स्मृति भेंट देकर मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए बस से आनंदपुर के लिए रवाना किया गया।

पालिका के सहयोग से रामलीला का मंचन होगा

अंता। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम कलां मण्डल द्वारा श्रीराम रंगमंच गढ़ प्रांगण परिसर अन्ता में नगर पालिका के सहयोग से 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नारद मोह, रामजन्म, अहिल्या उद्धार, अंबिका पूजन, धनुष यज्ञ, राम विवाह, केवट प्रसंग, भरत मिलाप, सीता हरण, श्री राम सुग्रीव मित्रता, लंका दहन, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ वध, रावण वध, श्रीराम राज्याभिषेक की आधुनिक तरीके से रामलीला का मंचन रात्रि 8 बजे से 11.30 बजे तक किया जाएगा। रामलीला के अध्यक्ष हरीश भंडारी ने बताया कि सभी सदस्यों के सहयोग से रामलीला का मंचन बहुत ही सुन्दर तरीके से किया जाएगा।रोजाना अलग अलग राम की लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर रामलीला की तैयारियों में त्रिलोक चन्द शर्मा,बाबूलाल मालव, भंवरलाल दाधिच,भवानीसिंह राजावत,धनराज चौरसिया, सुरेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र सुमन, शिवस्वरूप शर्मा, गणेश दाधिच, गोविन्द सोनी सहित सभी कार्यकर्ता लगे हुए हैं।